हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वालों को महिला एनसीसी कैडेट्स ने...



07 खाद बिजली की समस्या से घबराई भाजपा पहुंची सीएम की शरण में











बागेश्वर धाम की सनातन हिंदू एकता यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत, दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

रथयात्रा का उद्देश्य सनातन एकता, सामाजिक समरसता, नशामुक्ति और लव जिहाद से मुक्त बुंदेलखंड बनाना : धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/गढ़ाकोटा

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा मंगलवार रात करीब 8 बजे गढ़ाकोटा के मुख्य बस स्टैंड पहुंची। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथयात्रा कास्वागत किया गया। पूर्व मंत्री एवं विधायक पं. गोपाल भार्गव ने यात्रा का अभिनंदन किया। महाराज के दर्शन और उनके विचार सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।

जात-पात के भेदभाव को मिटाकर एकजुट होने का आह्वान

मुख्य बस स्टैंड पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने जाति-पाति के भेदभाव को मिटाकर आपसी एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और हिंदू एकता का संकल्प दिलाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई' के नारे लगाए।

धर्म के प्रति आस्था और एकता पर दिया जोर

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यदि किसी हिंदू पर संकट आता है, तो समाज के लोगों को एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य राजनीति में प्रवेश करना या किसी को वोट दिलाना नहीं है, बल्कि सनातन धर्म के प्रति जागरूकता, समाज में एकता और समरसता का भाव मजबूत करना है। उन्होंने धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश दिया।

नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर जोर

शास्त्री ने कहा कि सनातन हिंदू एकता यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता स्थापित करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उनके शब्दों में,लव जिहाद से मुक्त बुंदेलखंड के निर्माण के लिए लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने हजारों श्रद्धालुओं को सनातन धर्म, हिंदू एकता और सामाजिक समरसता से जुड़े संकल्प दिलाए।

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल दिखाई दिया। श्रद्धालु रथयात्रा पर पुष्पवर्षा करते रहे और महाराज के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।इस अवसर पर अभिषेक भार्गव ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को स्मृति चिह्न भेंट किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संतों के साथ अभिषेक भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,महामंडलेश्वर हरिदास महाराज, महंत कमलापत दास, एसडीएम कुलदीप पाराशर, दिनेश लहरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नरयावली में हुआ पूज्य आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आत्मीय अभिनंदन

बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पूज्य आचार्य श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की सनातन हिन्दू एकता यात्रा का बुधवार को नरयावली विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा, पुष्पवर्षा और व्यापक जनसहभागिता के साथ स्वागत-अभिनंदन किया गया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पूज्य आचार्य श्री का नमन किया। मुख्य मार्गों पर उमड़ी सहभागिता से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। विधायक इंजी. प्रदीप लारिया यात्रा के निर्धारित पड़ावों पर उपस्थित रहकर स्वागत में सहभागी रहे। यात्रा का क्रम शनि मंदिर, सदर से प्रारंभ होकर परेड मंदिर, मकरोनिया चौराहा, दिनेश दक्ष, रचना मेडिकल, होटल पैराडाइज, बहेरिया चौराहा और केरबना तक रहा। प्रत्येक पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, अभिनंदन और जयघोष के साथ पूज्य आचार्य श्री का स्वागत किया।

सनातन हिन्दू एकता यात्रा का अविराज सिंह के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत

सागर। श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम के नेतृत्व में निकाली गई सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा का युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में दीपाली होटल के सामने पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह, अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा जैसे ही दीनदयाल नगर रेलवे ओवरब्रिज पार कर बहेरिया रोड पर पहुंची तो सड़क के दोनों ओर कतारों में हजारों की संख्या में खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बाबा बागेश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का गगनभेदी नारों से स्वागत किया। स्वागत मंच से देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, अविराज सिंह के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व संत जनों ने फूल बरसाए। युवा नेता अविराज सिंह को उनके युवा साथी कंधों पर उठाकर रथ के ऊपर खड़े बाबा बागेश्वर के नजदीक ले कर गये जहां अविराज सिंह ने लाल गुलाब के फूलों की बड़ी पुष्प माला से बाबा का अभिनंदन किया और आशीर्वाद लिया। दोनों के कुछ देर चर्चा भी हुई। स्वागत कर्ता, श्रद्धालु दीपाली के सामने प्रातः 9 बजे से ही बाबा बागेश्वर के दर्शनों के लिए एकत्रित होना शुरू हो गए थे। लगभग दो घंटे की प्रतीक्षा के दौरान युवा नेता श्री अविराज सिंह ने हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्री महिषासुर मर्दिनी मंत्र का कंठस्थ पाठ सुना कर नवरात्रि के चतुर्थ दिवस को सार्थक कर दिया। उन्होंने की पौराणिक आख्यान सुनाए,सनातन और शक्ति उपासना के महत्व को रेखांकित किया। बड़ी संख्या में युवा स्वागत हेतु पहुंचे थे। स्वागत करने वालों में देवरी विधायक श्री बृजबिहारी पटैरिया, पूर्व सांसद श्री राजबहादुर सिंह, जिला क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह, अशोक सिंह बामोरा, बांदरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, जिला ग्रामीण भाजपा मीडिया प्रभारी नवीन भट्ट, उमेश यादव, संतोष दुबे, प्रतीक चौकसे, मनोज शुक्ला, गोविंद सिंह सहावन, ऋषि तिवारी उपस्थित रही।

खबर संक्षेप

सिद्धांत चौरसिया ने नीट यूजी काउंसलिंग में हासिल की सफलता



गढ़ाकोटा। सिद्धांत चौरसिया ने नीट यूजी काउंसलिंग में सफलता प्राप्त कर भोपाल के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में मेडिकल सीट हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता हरिशंकर चौरसिया, आरती मेडिकल वाले सहित परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। वहीं, चौरसिया समाज एवं मोहल्ले-पड़ोस के लोगों ने सिद्धांत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सिद्धांत की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, निरंतर अध्ययन, लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। नीट यूजी काउंसलिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में सीट प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस सफलता से परिवार और समाज का गौरव बढ़ा है। चौरसिया समाज एवं मोहल्ले वासियों ने सिद्धांत को बधाई दी।

बीएमसी में ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सागर। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में 14 अक्टूबर को डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण डेलन प्रजापति जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, सागर द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली की कार्यप्रणाली, ई-फाइल एवं ई-रिसीट के माध्यम से शासकीय कार्यों के ऑनलाइन निष्पादन तथा फाइलों के डिजिटल प्रबंधन की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया।इस दौरान ई-फाइल एवं ई-रिसीट के माध्यम से शासकीय कार्यों के ऑनलाइन निष्पादन की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संस्थान में डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना, कागज रहित कार्यालय व्यवस्था को प्रोत्साहित करना तथा शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।



जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की कार्ययोजना हेतु प्रशिक्षण आयोजित

सागर। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल के निर्देशन में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (नगरीय निकाय) की कार्ययोजना के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आज जिला पंचायत सागर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सागर छावनी परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत भानवत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल अनामिका जैन ने जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली, डैशबोर्ड रिपोर्ट, भूमिका आधारित पहुंच तथा दोहरी डाटा संग्रहण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक भवन से लेकर प्रत्येक व्यक्ति तक जनगणना कार्य सुनिश्चित करने, प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारियों के कार्य, फील्ड कार्य की निगरानी और स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक पवन मिश्रा ने तकनीकी सहायकों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका और दायित्वों की जानकारी दी।

सागर संभाग के प्रत्येक जिले में वित्तीय एवं पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए लगेंगे दो दिवसीय विशेष शिविर

कमिश्नर दिलीप कुमार रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर संभाग में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, पेंशन प्रकरण एवं पे—फिक्सेशन के लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार के निर्देश पर संभाग के प्रत्येक जिले में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इन विशेष शिविरों में स्वयं कमिश्नर कुमार भी उपस्थित रहेंगे, ताकि मैदानी स्तर पर प्रकरणों की मॉनिटरिंग कर उनका तत्काल निपटारा किया जा सके। शिविर में संभाग के शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण, वेतन निर्धारण, पे—फिक्सेशन सहित उनके समस्त लंबित वित्तीय मामलों को प्रमुखता से सुलझाया जाएगा। संयुक्त आयुक्त विकास पीसी शर्मा ने बताया कि उक्त शिविरों के आयोजन हेतु 15 दिवस पूर्व विस्तृत कैलेंडर जारी किया जाएगा, जिससे सभी संबंधित कर्मचारी और विभाग समय पर अपनी तैयारी पूरी कर सकें। इन दो दिवसीय शिविर की रूपरेखा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दो चरणों में विभाजित किया गया है। शिविर के प्रथम दिवस संबंधित विभागों के जिला अधिकारी और आहरण एवं संवितरण



अधिकारी मौजूद रहकर सभी दस्तावेजों एवं प्रकरणों की स्क्रूटनी करेंगे। वहीं, शिविर के द्वितीय दिवस संयुक्त संचालक स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे, जो मामलों की समीक्षा कर अंतिम स्वीकृति प्रदान करेंगे।

कमिश्नर दिलीप कुमार ने संभाग के सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे आगामी कैलेंडर के अनुसार इस शिविर का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और अपने वेतन, पे—फिक्सेशन तथा पेंशन संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं।



जिला शहर कांग्रेस कमेटी की मंडलम अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक आज राजीव गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शहर की 18 मंडलम कमेटियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने की। बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक, नरेन्द्र मिश्रा एवं वीरेन्द्र राजे द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी मंडलम अध्यक्ष एवं बीएलए-2 तत्काल प्रभाव से मतदाता सूची के सुधार कार्य में जुट जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नए मतदाताओं के नाम जुड़वाए जाएं, मृत मतदाताओं के नाम हटवाए जाएं और मतदाता सूचियों का गहन सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा हमारे नेता राहुल गांधी देश को भाजपा से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस कड़ी में आपका यह प्रयास सार्थक सिद्ध होगा। एसआईआर के कारण मतदाताओं को हुई परेशानियों को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेन्द्र राजे एवं नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का गठन लगभग पूर्ण हो चुका है और पदाधिकारी वार्डों में जाकर जमीनी हकीकत का जायजा ले रहे हैं। बैठक के अंत में पूर्व विधायक स्व. श्याम लाल ठक्कर एवं ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र राजे की माता स्व. सियारानी राजे के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन राहुल चौबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन सागर साहू ने किया।

होम विजिट मिस होने और बच्चों के वजन चिन्हांकन में ढिलाई पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

सभी पोषण पुनर्वास केन्द्र अपनी पूर्ण क्षमता से हों संचालित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संपर्क ऐप पर जिओ फेंसिंग क्षेत्र से ही लगाएं ई-उपस्थिति : कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्र पूर्ण क्षमता के साथ संचालित हों, बच्चों के वजन चिन्हांकन में वृद्धि और सुदृढ़ पोषण आहार वितरण सुनिश्चित किया जाए, मैदानी स्तर पर शत-प्रतिशत होम विजिट और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो तथा ई-केवाईसी, डीबीटी पूर्ण करें एवं विभागीय योजनाओं की पेंडेंसी को शून्य किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए विभागीय कार्यों में लापरवाही और मैदानी स्तर पर प्रभावी निगरानी न रखने पर शाहगढ़ एवं बण्डा के बाल विकास परियोजना अधिकारियों का वेतन आगामी आदेश तक रोकने एवं कम वजन वाले बच्चों के सही चिन्हांकन और नियमित वजन मापने (शारीरिक मेजरमेंट) के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर शाहगढ़ सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास भरत सिंह राजपूत, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि हितग्राहियों के स्वास्थ्य और पोषण की उचित निगरानी के लिए मैदानी अमला शत-प्रतिशत होम विजिट (गृह भेंट) सुनिश्चित करे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क ऐप पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ई-उपस्थिति अनिवार्य रूप से लगाई जाए। कार्यकर्ता आंगनवाड़ी खुलने के समय पर निर्धारित जिओ फेंसिंग क्षेत्र में ही रहकर उपस्थिति दर्ज कराएं, जिसके लिए उन्हें उनके क्षेत्र की जिओ फेंसिंग की सटीक जानकारी दी जाए। साथ ही, पोषण ट्रैकर पर जो आंगनवाड़ी केंद्र बंद दिख रहे हैं, उन्हें तत्काल खुलवाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों की बेड क्षमता और वर्तमान में उपचाररत बच्चों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी एनआरसी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ संचालित हों, कोई भी बेड खाली नहीं रहना चाहिए। इसके लिए अति गंभीर कुपोषित बच्चों की त्वरित पहचान कर उन्हें तुरंत इन केंद्रों पर भर्ती कराया जाए ताकि उन्हें समय पर सही उपचार एवं पोषण मिल सके। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर की सटीक निगरानी के लिए कलेक्टर ने वजन चिन्हांकन के कवरेज में तेजी से वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के अंतर्गत आने वाले शत-प्रतिशत बच्चों का नियमित रूप से और सही तरीके से वजन मापा जाए, ताकि अति गंभीर कुपोषण, मध्यम गंभीर कुपोषित और अंडरवेट बच्चों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। इसके अलावा, गर्भवती, धात्री माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को मिलने वाले टेक होम राशन का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दिए जाने वाले गर्म पके हुए भोजन को वास्तविक मांग के अनुसार गुणवत्ता के साथ वितरित कर उसकी शत-प्रतिशत रियल-टाइम प्रविष्टि पोषण ट्रैकर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर पाल ने विभागीय योजनाओं के समस्त हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी, डीबीटी, फेस रिकग्नीशन और आभा आईडी का कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और चाइल्ड लाइन से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इन योजनओं के प्रकरणों की पेंडेंसी को शीघ्रता से शून्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी शिकायतों की निरंतर मॉनीटरिंग की जाए तथा 50 और 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर संतुष्टिपूर्वक बंद कराया जाए।



सागर में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली का समापन

सागर। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर (मध्यप्रदेश) में आयोजित की जा रही वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के अंतिम व तेरहवें दिन महिला मिलिट्री पुलिस के लिए संपूर्ण मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की बेटियों ने भारी उत्साह और अनुशासन के साथ हिस्सा लिया। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक चलने वाली इस विशाल भर्ती रैली का आज समापन हो गया। महिला मिलिट्री पुलिस रैली के इस विशेष दिन कुल 204 महिला अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी शारीरिक परीक्षा और प्रतिस्पर्धा के उपरांत 128 बेटियों ने दौड़ में सफलता हासिल कर (सफलता प्रतिशत 62.75%) अगले चरण में प्रवेश किया। सागर जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में 01 अक्टूबर से शुरू हुई यह संपूर्ण अग्निवीर भर्ती रैली अत्यंत पारदर्शी, सुचारू एवं सुरक्षित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सेना भर्ती कार्यालय की महत्त्वपूर्ण अपीलः भारतीय सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। भर्ती में किसी भी प्रकार की दलाली या अनुचित साधनों का कोई स्थान नहीं है।

खबर संक्षेप

चलती ट्रेन से यात्री का मोबाइल झपटकर भागा बदमाश

ललितपुर। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल फोन पर बात करना एक यात्री को भारी पड़ गया। अहमदाबाद से ललितपुर आ रहे युवक का मोबाइल फोन भोपाल आउटर के पास चलती ट्रेन की खिड़की से अज्ञात व्यक्ति झपटकर भाग गया। शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विघामहावत निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामपाल ट्रेन संख्या 19483 सहरसा एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे थे। वह अहमदाबाद से ललितपुर आ रहे थे। 10 अक्टूबर की शाम करीब 7.15 बजे ट्रेन भोपाल आउटर के पास पहुंची तो उसकी गति धीमी हो गई। इसी दौरान धर्मेंद्र अपनी सीट पर बैठकर मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। आरोप है कि तभी खिड़की के बाहर मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक झपट्टा मारकर उनका रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से भाग गया। पीड़ित ने मोबाइल का आईएमईआई नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। घटना के बाद यात्री ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर जीआरपी थाने में बीएनएस की धारा 304(2) में मुकदमा दर्ज किया गया है।

हाईवे पर वाहन की टक्कर से महिला की मौत

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला सुबह दूध देकर घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में तेज टक्कर लगने से वह हाईवे किनारे बनी पुलिया के नीचे पानी में जा गिरीं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसराकलां निवासी वृगभान पुत्र पुनू ने तालबेहट थाने में दी तहरीर में बताया कि 12 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे उनकी मां श्यामबाई दूध देने के लिए नेशनल हाईवे स्थित डॉ. तिवारी के घर गई थीं। दूध देने के बाद वह वापस अपने घर लौट रही थीं। बताया गया कि डॉ. तिवारी के घर से कुछ आगे हाईवे पर मुहर कमलवारा के सामने पहुंचने पर एक अज्ञात वाहन ने श्यामबाई को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क किनारे बनी पुलिया के नीचे पानी में जा गिरीं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। तालबेहट पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

जागरूकता शिविर में 80 लोगों ने लिया प्रशिक्षण

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 12 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरोंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं और अन्य हितग्राहियों को यातायात नियमों, दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया।

मिशन शक्ति 6, गांधीवादी तरीके से किया यातायात नियमों के पालन का आग्रह

बिना हेलमेट व सीटबेल्ट वालों को महिला एनसीसी कैडेट्स ने फूलमालाएं पहनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के चौराहों पर संभाली यातायात व्यवस्था

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और सड़क सुरक्षा का संदेश देने के लिए मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत मंगलवार को अनूठा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर शहर के विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने में सहयोग किया।

इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और बिना सीटबेल्ट चारपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित होकर फूलमालाएं भेंट की गईं और विनम्रतापूर्वक यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस बल के साथ मिलकर यातायात के सुचारु संचालन और निगरानी में सहयोग किया। साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग की प्रक्रिया को समझा और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वाले चालकों को फूलमालाएं भेंट कर गांधीवादी तरीके से अपनी बात समझाई गई। महिला एनसीसी कैडेट्स ने वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अनमोल जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं में गंभीर चोट और जान जाने का कारण बन सकती है।

कैडेट्स ने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन अपनी आदत में शामिल करें। ऐसा करके वे न केवल स्वयं की, बल्कि अपने परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। अभियान के माध्यम से वाहन चालकों को समझाया गया कि नियमों के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता ही सुरक्षित यातायात की आधारशिला है। इस दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई मौजूद रहे। अधिकारियों की उपस्थिति में महिला एनसीसी कैडेट्स ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर आमजन को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। अभियान में महिलाओं और बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट का प्रयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति एवं लापरवाही से बचें और स्वयं के साथ दूसरों की जान की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

जखौरा पुलिस ने की कार्रवाई

बांसी में 1.375 किलो गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने कस्बा बांसी में एक युवक को 1 किलो 375 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपये है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को थाना जखौरा पुलिस ने कस्बा बांसी स्थित सिंघई पंप के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद सफेद कपड़े के थैले से 1 किलो 375 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वार्ड नं. 5 बलदाऊ गंज बांसी निवासी दीपक कडेरे पुत्र ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर थाना जखौरा में मुकदमा अपराध संख्या 257/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना जखौरा प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार, बांसी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बलराम शर्मा, मुख्य आरक्षी विक्रम विशाल द्विवेदी तथा आरक्षी सोनवीर, अमिताभ सिंह और योगेश सिंह शामिल रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का पुलिस लाइन में देखा प्रसारण

ग्राम सुरक्षा में योगदान देने पर प्रहरी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम और पुलिस को महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को देखते हुए मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम के बरेली में आयोजित ग्राम सुरक्षा में योगदान एवं ग्राम प्रहरियों का सम्मान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के विभिन्न थानों से जुड़े ग्राम प्रहरियों के साथ देखा गया।

इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के बाद जिले के ग्राम प्रहरियों को उनके योगदान के लिए शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रहरियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया गया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। गांवों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, आपसी विवादों, अवैध गतिविधियों और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली घटनाओं की जानकारी समय पर पुलिस तक पहुंचाने में उनका योगदान अहम है। ग्राम प्रहरियों की सतर्कता और सक्रिय सहयोग से संभावित अपराधों की रोकथाम करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। वे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखते हुए पुलिस को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं। इसके माध्यम से ग्राम प्रहरियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए पुलिस एवं ग्राम प्रहरियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। जनपद पुलिस की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए ग्राम प्रहरियों के सहयोग से निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई गई। सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम प्रहरियों के कार्यों को पहचान देने के साथ ही उन्हें जनसेवा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

जिला गंगा समिति की एक्सपोजर विजिट पर पहुंचे

एमआरएफ सेंटर में स्कूली बच्चों ने सीखे कचरा प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में अटल विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए रामनगर स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर पर एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन, गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा कचरे के उचित निस्तारण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। घरों और विद्यालयों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखना, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालना तथा प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचना स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने बच्चों से इन आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने विद्यार्थियों से स्वयं स्वच्छता के नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी जागरुक करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। वहीं, डीपीएम दीपक कुमार ने बच्चों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, उपयोगी अपशिष्ट के पुनर्चक्रण तथा अनुपयोगी कचरे के सुरक्षित एवं उचित निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एमआरएफ सेंटर के माध्यम से कचरे के प्रबंधन की प्रक्रिया को समझकर विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को जाना। एक्सपोजर विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके बाद सभी ने स्वच्छता की शपथ लेकर अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक श्रेयांश डयोडिया, समन्वयक आनंद उपाध्याय, हर्षिता श्रीवास्तव, राम शर्मा, सफाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र तिवारी, एमआरएफ सुपरवाइजर सुनील दत्त, जोन सुपरवाइजर संजय करोसिया तथा नगर पालिका की आईईसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

राजेश श्रीवास्तव बने अध्यक्ष व सौरभ श्रीवास्तव मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा, का चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी अनुराग शरण श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव एवं अजय श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों, अतिथियों और महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नई कार्यकारिणी में राजेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष, सौरभ श्रीवास्तव को मंत्री, विपिन बिहानी श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश श्रीवास्तव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष, आशीष श्रीवास्तव को उपमंत्री, मनीष श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, नीरज कुमार सक्सेना को प्रचार मंत्री, मनीष श्रीवास्वव को सांस्कृतिक मंत्री तथा यशवर्धन श्रीवास्तव को ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई।



समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी पर समाज के नेतृत्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि श्री चित्रगुप्त महाराज की कृपा से संविधान सम्मत कर्तव्यों का पालन करते हुए सभी को साथ लेकर सभा और समस्त समाज के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी और सदस्य नई कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और समाज की एकता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक विकास के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। समारोह में नई कार्यकारिणी से समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

समारोह में शैलेन्द्र सिन्हा, अनूप श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक खरे, अमित श्रीवास्तव (हेमू), विनय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव (गांधी नगर), नीतेश खरे, विमर्श श्रीवास्तव, संदीप खरे और आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। अतिथि के रूप में संतोष श्रीवास्तव, प्रमोद सक्सेना, शशिशेखर पाण्डेय, विजय श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव और आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। महिला मंडल से सीमा श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, नीलम खरे, कविता श्रीवास्तव, स्वाति श्रीवास्तव एवं कीर्ति श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने सहभागिता की। संचालन पूर्व मंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया।

मांगें पूरी होने तक आंदोलन करने का ऐलान

समान कार्य व वेतन और नियमितीकरण मांग, हड़ताल जारी

ललितपुर। समान कार्य-समान वेतन और संविदा कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश स्वराज मिशन के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने दिनभर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। कर्मचारियों के अनुसार, इस आंदोलन में करीब 350 संविदा कर्मचारी शामिल हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में समान कार्य के लिए समान वेतन और संविदा कर्मियों को नियमित कर स्थायी किए जाने की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर कर्मचारी 8 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने के बावजूद समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के चलते जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पडने की बात सामने आई है।



कर्मचारियों के अनुसार, मेडिकल कॉलेज सहित जिले की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, सेवाओं पर वास्तविक प्रभाव और प्रभावित इकाइयों की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के बाद अब लखनऊ में भी धरना शुरू कर दिया गया है। मांगें पूरी किए जाने तक आंदोलन वापस नहीं लेंगे। धरना-प्रदर्शन के दौरान डा.अंबिका दुबे, डा.सौरभ देवरिया, डा. धर्मेंद्र सेंगर, जिलाध्यक्ष रोहित सहाय, रजिया फिरोज, गणेश टांगुरिया, सुरेंद्र मौर्य, डा.देशराज दोहरे, शिवराम सिंह, अतुल दुबे, प्रभा राठौर, डा.नंदलाल यादव, मनीष पटवारी आदि मौजूद रहे।

बानपुर में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार, 3660 रुपए जब्त, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 3660 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है।

13 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना बानपुर क्षेत्र के मजरा माज के पुरा कस्बे में शंकर जी के मंदिर के पास कुछ लोग रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बानपुर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेलते हुए छह लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से जुए की फड़ पर रखे 2160 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। वहीं, आरोपियों की जमा तलाशी के दौरान 1500 रुपये अतिरिक्त मिले। इस प्रकार कुल 3660 रुपये नकद बरामद हुए।



बरामदगी के आधार पर थाना बानपुर में मुकदमा अपराध अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में उपाधिया मंदिर मोहल्ला निवासी रानू पुत्र कोमल विश्वकर्मा, बड़ापुरा निवासी सुरेन्द्र सिंह उर्फ सीपी राजा पुत्र इन्द्रपाल सिंह, उपाधिया मोहल्ला निवासी बृजेश कुमार पुत्र तुलसीराम, मेघेश्वर पुत्र उदयभान सिंह, जगदीश पुत्र रामदयाल कुशवाहा तथा सुनील पुत्र बब्लू कुशवाहा शामिल हैं। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविन्द्र कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में की गई।

श्रीराम जन्म की लीला देख जय श्रीराम के जयकारे गूंजे

श्रीराम जन्म व महर्षि विश्वामित्र के आगमन का मंचन किया

महिलाओं ने सोहर गीत गाकर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री लक्ष्मीनृसिंह रामलीला तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला एवं किशोरी रासलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म और महर्षि विश्वामित्र के आगमन की लीला का भव्य मंचन किया गया।

श्री रामलीला संस्थान, श्रीधाम वृंदावन मंडल के संस्थापक स्वामी ओमप्रकाश पुजारी महाराज के निर्देशन में वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य मंचित होते ही रामलीला प्रांगण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। शुभारंभ कोरस गीतों के साथ हुआ। रामलीला के मंच पर अयोध्या के राजा महाराज दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ कराने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। यज्ञ के फलस्वरूप उनकी तीनों रानियों से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य सामने आते ही श्रद्धालुओं में उत्साह और उल्लास छा गया। भक्तों ने भगवान की आरती उतारी, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक मंगल सोहर गीत गाकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। 'भए प्रकट कृपाला, दीनदयालाइ स्तुति के गायन से पूरा रामलीला परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रीराम जन्मोत्सव के बाद महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों द्वारा बाधा उत्पन्न करने की लीला का मंचन किया गया। राक्षसों के उपद्रव से परेशान होकर महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार पहुंचे और यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम तथा लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगी। पुत्रों के प्रति स्नेह के बावजूद राजा दशरथ ने गुरुजनों की आज्ञा और धर्म की रक्षा के उद्देश्य से दोनों राजकुमारों को महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने की अनुमति दी। पिता की आज्ञा प्राप्त कर श्रीराम और लक्ष्मण महर्षि के साथ आश्रम के लिए रवाना हुए। इसी प्रसंग के साथ तीसरे दिन की लीला का समापन हुआ। रामलीला में भगवान श्रीराम की भूमिका त्रिलोकी, लक्ष्मण की भूमिका सौरभ, राजा दशरथ की भूमिका मुकेश, माता कौशल्या की भूमिका शिवराम, महर्षि विश्वामित्र की भूमिका गोविंद और जोकर की भूमिका ओएमपी ने निभाई। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों को कथा के प्रसंगों से जोड़े रखा।



जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा प्रतिनिधि मंडल पहुंचा भोपाल

खाद बिजली की समस्या से घबराई भाजपा पहुंची सीएम की शरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खाद बिजली पानी को मुद्दा बनाकर भाजपा का चुनावी मैनेजमेंट बिगाड़ने में लगे विपक्ष के आंदोलन से घबरा कर भाजपाई मुख्यमंत्री की शरण में जा पहुंचे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाक़ात करते हुए जिले में व्याप्त खाद बिजली पानी जैसी समस्या निराकरण के लिए ज्ञापन सौपे।

भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिले प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौपा है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि श्योपुर जिले में विद्युत विभाग के द्वारा लोड सेटिंग के नाम पर अंधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है। सरकार द्वारा किसानों को कृषि कार्य के लिए 10 घंटे बिजली देने का प्रावधान है उनमें से केवल रात के समय भी एक-दो घंटे दी जा रही है। दिन में भी आबादी लाइन और पंप लाइन को बंद किया जाता है। फिर रात में भी लोड सेटिंग के नाम पर समय समय पर विद्युत की काफी मात्रा में कटौती की जा रही है। अभी धान की फसल तैयार हो गई है। केवल 8 दिन में एक पानी की आवश्यकता है उसके बाद में धान की फसल में पानी की आवश्यकता नहीं रहेगी। तो अभी केवल 8 से 10 दिन में विद्युत में सुधार हो जाएगा तो किसानों को पानी की आवश्यकता फिर नहीं रहेगी। अभी वैसे भी नवरात्रा के त्यौहार चल रहे हैं लोड सेटिंग और मेंटेनेंस के नाम पर गाँव की आबादी की लाइन भी शाम को 6 बजे से रहकर रात 11 बजे तक अघोषित रूप से कई डीसी पर कटौती की जा रही है। जब विद्युत अधिकारियों से बात की जा रही है तो बोल रहे हैं कि प्रदेश स्तर से ही कटौती की जा रही है। इसके अलावा ढोढर में सांदीपनी विद्यालय खोले जाने के लिए राशि स्वीकृत करने एवं सलापुरा नहर से खाटू श्याम मंदिर तक टू लाइन सड़क बनवाने का मांग पत्र भी मुख्यमंत्री को सौपा। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भी मुलाकात कर मांग पत्र सौपे।



खाद की पूर्ति कराएं ताकि विपक्ष को न मिले मौका

भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि बिजली की तरह खाद की भी जिले में समस्या निर्मित होती जा रही है खाद और बिजली की कमी को लेकर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर किसानों को गुमराह कर रही है। इसे रोकने के लिए मांग अनुसार तत्काल खाद की आपूर्ति जिले में कराई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में फसलो का रकबा 185000 हेक्टेयर है रबी फ़सल के लिए डीएपी यूरिया खाद की अधिक आवश्यकता है। अक्टूबर माह में 2500 मैट्रिक टन डीएपी और 1500 मैट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है। अक्टूबर माह में बोबनी के लिए इस खाद की जरूरत पड़ने वाली है और ऐसी स्थिति में अगर खाद मिलने में तेरी हुई तो कांग्रेस सरकार प्रदर्शन कर किसानों को गुमराह करने और सरकार को बदनाम करने का मौका नहीं छोड़ेंगी।



खाद, बिजली की मांग को लेकर विधायक बैठे धरने पर

उधर बुधवार को बड़ौदा में खाद बिजली पानी की समस्या को लेकर श्योपुर विधायक के नेतृत्व में किसान कांग्रेस ने धरना दिया और तहसीलदार बडौदा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है उसे किसानों के हित की बिल्कुल भी चिंता नहीं है लोड सेटिंग के नाम पर घंटो बिजली कटौती की जा रही है जो बिजली किसान को 10 घंटे मिलना चाहिए वह 1 घंटे भी नहीं मिल रही है नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है खाद के लिए किसानों को राजस्थान जाना पड़ रहा है। ऐसी ही समस्याओं को लेकर कांग्रेस शीघ्र ही जिले में बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, रितेश तोमर, संजीव कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

आनन फानन में प्रशासनिक सहयोग से नई लगवाई मूर्तियां

ओछापुरा में थाने के सामने लगी अंबेडकर और गौतम बुद्ध की मूर्ति तोड़ी, भीम आर्मी ने घेरा थाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तहसील वीरपुर के ग्राम ओछापुरा में बीती रात्रि के दौरान अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर और गौतम बुद्ध की मूर्ति तोड दी गई। खास बात यह है कि यह मूर्तिया जिस जगह पर लगी हुई थी, वह जगह ठीक ओछापुरा पुलिस थाने के स्थित है। इस घटना पर भीम आर्मी ने आक्रोशित होकर बुधवार को मौके पर पहुंचने के बाद ओछापुरा थाने का घेराव कर दिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है,साथही इस बात पर अचंभा भी जताया है कि पुलिस थाना ठीक सामने होने के बाद भी असामाजिक तत्व इस तरह की हरकत को कैसे अंजाम देकर चले गए।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य ने अपने समर्थको तथा स्थानीय लोगो के साथ बुधवार को ओछापुरा थाने का घेराव करते हुए आक्रोश व्यक्त किया तो पुलिस व प्रशासन हरकत में आ गया और प्रशासनिक सहयोग के जरिए आनन फानन में टूटी मूर्ति की जगह पर नई मूर्तिया स्थापित करवा दी गई और मामले में दोषियों का पता लगाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। जिससे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ का आक्रोश शांत हो गया। इस मामले में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य ने बताया कि फिलहाल प्रशासन के सहयोग से सम्मान पूर्वक मूर्ति फिर से स्थापित करवा दी है। इसलिए हम फिलहाल कुछ नहीं कर रहे है। लेकिन सात दिन में इस हरकत को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वो को पकडकर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो भीम आर्मी आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

सप्ताहभर से बिना थाना प्रभारी के चल रहा थाना

विशेष बात यह है कि ओछापुरा थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड का दतिया तबादला हो गया है और वे करीब सप्ताहभर पहले यहां से रिलीव होकर दतिया भी पहुंच गए। लेकिन इसके बाद भी ओछापुरा थाने में नए थाना प्रभारी की तैनाती अभी तक नहीं की गई है। जिसके चलते सप्ताहभर से बिना थाना प्रभारी के चल रहे ओछापुरा थाने का प्रभार एएसआई को संभालना पड रहा है। क्षेत्र में इस तरह की चर्चा है कि असामाजिक तत्वों ने थाने में थाना प्रभारी न होने का मौका देखकर ही मूर्ति तोडने की हरकत को अंजाम दे डाला।

इनका कहना..

थाना इंचार्ज से इस मामले का पता करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
विजय सिंह तोमर
डीएसपी हेडक्वार्टर श्योपुर

पेसा एक्ट को आर्थिक सामाजिक उन्नति के लिए उपयोग करें: शीला



श्योपुर। पेसा एक्ट के तहत सरकार में आदिवासी विकास खंडो में रहने वाले आदिवासियों को अपना कानून बनाने के अधिकार दिए हैं इस अधिकार का उपयोग आदिवासी अपने आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए करें, यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने बुधवार को कराहल मुख्यालय पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आदिवासियों को पेसा एक्ट के बारे में समझाइश देते हुए बताई।

कलेक्टर ने सामाजिक प्रतिनिधियों की बैठक में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए सामाजिक चेतना बहुत जरूरी है। समुदाय के सहयोग से हम इन सामाजिक बुराईयों को दूर कर सशक्त समाज की स्थापना कर सकते है, जिससे गांव और समुदाय का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर उन्होंने पैसा एक्ट के तहत गठित समितियों को प्रभावी बनाने के साथ ही आदि सेवा केन्द्रों के सतत संचालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायतों में हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के उपरांत ग्रामसभाओं का आयोजन भी सुनिश्चित किया जायें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के मुद्दे और समस्याएं तथा मांगे निकलकर सामने आयें और उनका संबंधित विभागों के माध्यम से उचित निराकरण सुनिश्चित किया जा सकें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, सीईओ जनपद अभिषेक त्रिवेदी, बीएमओ डॉ सौरभ कुशवाह, सीडीपीओ नितिन मित्तल, सामाजिक प्रतिनिधि जय सिंह जादौन, कैलाश पाराशर सहित विभिन्न विभागों के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, पैसा समितियों के सदस्य, पंचायत सचिव, जीआरएस आदि मौजूद रहे।

जनपद कार्यालय में झगड़ा, सचिव और उसके पुत्र पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर के कार्यालय में निलंबन अवधि का वेतन काटने की बात को लेकर एक पंचायत सचिव और जनपद कार्यालय के बाबू के बीच झगडा हो गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने जनपद के बाबू की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत सचिव धनराज शर्मा और उसके पुत्र अभिषेक शर्मा के खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में व्यवधान डालने की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि जनपद पंचायत श्योपुर के कार्यालय में पदस्थ बाबू गौरव पुत्र मनुकुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि निलंबन अवधि का वेतन काटने की बात को लेकर पंचायत सचिव धनराज शर्मा और उसके पुत्र अभिषेक शर्मा ने मंगलवार को जनपद कार्यालय में आकर न केवल गाली गलौच करते हुए लातघूसो से मारपीट कर दी,बल्कि शासकीय कार्य में व्यवधान भी उत्पन्न किया। इस रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धनराज शर्मा और अभिषेक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

देवरानी ने जेठानी को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 रतोदन नहर इलाके में रहने वाली देवरानी और जेठानी के बीच पुरानी बातो को लेकर झगडा हो गया। झगडे के दौरान देवरानी ने जेठानी और उसकी बेटी की मारपीट कर दी। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 15 रतोदन नहर इलाका क्षेत्र निवासी सुगा बाई पत्नी धर्म सिंह नायक और मूर्ति बाई पत्नी बबलू नायक आपस में सगी बहने है। लेकिन दोनो की शादी एक ही घर में होने से यह दोनो बहने आपस में देवरानी और जेठानी बन गई। बीते रोज इन दोनों के बीच पुरानी बातो को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि देवरानी मूर्ति बाई ने गाली गलौच करते हुए जेठानी सुगा बाई की मारपीट कर दी। जब सुगा बाई की बेटी बचाने के लिए दौडी तो मूर्ति बाई ने उसकी भी मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने सुगा बाई की रिपोर्ट पर मूर्ति बाई के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

महिला के साथ छेड़छाड़

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ नामजद आरोपी ने घर में घुसकर छेडछाड कर दी। पुलिस ने बताया कि पीडित महिला जब अपने घर में अकेली थी,तभी आरोपी फूल सिंह पुत्र कल्याण सिंह जाटव निवासी बंगा ने मौका देखकर घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ कर दी। इस मामले में पुलिस ने पीडित महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चार किराना दुकानों से लिए खाद्य पदार्थो के सैम्पल

श्योपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सतत रूप से खाद्य पदार्थों की जांच एवं सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि मैन बाजार बडौदा स्थित दीपक किराना स्टोर से जैन फ्रेश कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल 500 एमएल पैक, गिर्राज किराना स्टोर से मंगलदीप बटर मार्गग्रीन फेट, काऊ गोल्ड किचिन स्पेशल फैट, कार्तिक गणेश किराना स्टोर से संजीवनी मस्टर्ड ऑयल तथा धीरज किराना स्टोर से मंगल ब्रांड बेंसन, सदाबहार मस्टर्ड ऑयल, सोनाली रिफ्रेश सोयाबीन ऑयल, साबाश लाल मिर्च पावडर 500 ग्राम पैक के सैम्पल लिये गये है, सभी सैम्पलों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है, जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

सांदीपनि महिदपुर स्कूल का नाम भूमिदान दाता के नाम करने के लिए पत्र लिखा

अशोकनगर। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद जिला अशोकनगर द्वारा 29 सितबंर को की गई मांग के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने लोक शिक्षण आयुक्त भोपाल को एक पत्र लिखकर कहा है कि महिदपुर के सांदीपनि उच्चतर विद्यालय का नामकरण भूमि दानदाता स्वर्गीय बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम पर किया जाए तथा शाला परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाने की स्वीकृति मांगी है। ज्ञात हो कि स्वर्गीय बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा सांदीपनि स्कूल के निर्माण हेतु 0.836 हेक्टयर भूमि दान की थी जिस पर सांदीपनि स्कूल का निर्माण ग्राम महिदपुर में किया गया है। इस संबंध में 31 अगस्त 2026 को शाला प्रंरबंधन समिति की बैठक में स्कूल का नाम बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी के नाम किए जाने और प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को लिखे गए पत्र के बाद स्वीकृति का इंतजार है।



जनगणना कार्य के द्वितीय चरण संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन

अशोकनगर। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय तथा अपर कलेक्टर जिला जनगणना एवं नोडल अधिकारी डी.एन.सिंह के मार्गदर्शन में जिला अशोकनगर के जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना हेतु मंगलवार को जिला पंचायत सभागार अशोकनगर में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। दो प्रशिक्षण में जिला योजना अधिकारी बी एस वसुनिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के 8 ग्रामीण चार्ज अधिकारियों, 6 नगरीय चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना चार्ज क्षेत्र में संलग्न समस्त कर्मचारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें निदेशालय से जिला जनगणना प्रभारी जमील खान एवं मास्टर ट्रेनर रजनीश भार्गव द्वारा जनगणना कार्य को सुचारू संचालन के लिए जनगणना कार्य की बारीकियां से परिचय कराया गया। चार्ज अधिकारियों से जनगणना कार्य को सतत निगरानी में कराने,आंकड़ों की वास्तविक जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराने बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी राहुल वर्मा, जिला स्तरीय जनगणना समन्वयक विनोद कुमार सिहारे एवं अनिल कुमार खंतवाल जिला सहायक साख्यिकी अधिकारी कोमल सिंह मीना उपस्थित रहे।

देहात थाना पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर, जब्त किया सवा किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना पुलिस ने एक गांजा तत्कर को दबोचने में सफलता अर्जित की है। पुलिस ने दबोचे गए गांजा तस्कर से 1 किलो 266 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 15 हजार रूपए के आसपास बताई गई है।

देहात थाना प्रभारी राहुल राजपूत ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मुकेश मीणा पुत्र हंसराज मीणा निवासी आमल्दा कहीं से गांजा लेकर आया है। जिसे वह चोरी छिपे इसी क्षेत्र में खफाएगा। मुखबिर की इस सूचना पर दबिश देकर मुकेश मीणा को दबोचकर उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से 1 किलो 266 ग्राम गांजा पकडा गया। इस मामले में मुकेश मीणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसे पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।



श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर चल रही रामलीला में सीताहरण प्रसंग का मनोहारी मंचन

शूर्पणखा के अपमान से क्रोधित हुआ रावण, छल से किया माता सीता का हरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर बने रामलीला मंच पर चल रही रामलीला के दौरान मंगलवार की रात सीताहरण की लीला के प्रसंग का मनोहारी मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बडी संख्या में धर्मप्रेमी लोगों ने दर्शक दीर्धा में बैठकर रामलीला मंचन का आनंद लिया।

रात नौ बजे से आरंभ हुई रामलीला में कलाकारो ने भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े कई प्रसंगों का मंचन किया। इसमें सती अनुसूया द्वारा माता जानकी को नारी धर्म का उपदेश, जयंत लीला, सुतीक्ष्ण लीला और शूर्पणखा की नाक काटने का दृश्य दिखाया गया। अपमानित शूर्पणखा ने खर-दूषण से शिकायत की। युद्ध में श्रीराम ने दोनों का वध कर दिया। इसके बाद शूर्पणखा ने लंका पहुंचकर लंकापति रावण को सीता के बारे में बताया। जिसे सुनकर लंकापति रावण क्रोधित हो गया। इसके बाद रावण ने मामा मारीच की मदद से सीता हरण की योजना बनाई। मारीच सोने का हिरण बनकर पंचवटी पहुंचा। सीता के कहने पर श्रीराम उसके पीछे गए। मारीच की आवाज सुनकर सीता ने लक्ष्मण को भी भेज दिया। इसके बाद साधु के वेश में आए रावण ने लक्ष्मण रेखा पार कर सीता का हरण कर लिया। जटायु ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन रावण ने उनके पंख काट दिए। जिससे वे घायल होकर पृथ्वी पर गिर पडे। पंचवटी लौटने पर श्रीराम को सीता नहीं मिलतीं, तो वे परेशान हो जाते हैं। घायल जटायु उन्हें सीता हरण की जानकारी देते हैं। जटायु मोक्ष के प्रसंग ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया।



इस साल रामलीला का 77 वां आयोजन

शहर के श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में चल रही रामलीला ने 76 साल की यात्रा पूरी करते हुए 77 वे साल में प्रवेश कर लिया है। 77 साल की रामलीला होने के बाद भी रामलीला का चमक आज भी बरकरार बनी हुई है। रामलीला समारोह समिति ने बताया कि वर्ष 1949 में रामलीला का आयोजन प्रारंभ हुआ और तभी से हर साल इसका आयोजन होता आ रहा है। भलेही वर्तमान युग टीवी और मोबाइल का हो,लेकिन इसके बाद भी यहां के लोग रामलीला का वर्षभर इंतजार करते हैं।

आज लंका में पहुंचेगे हनुमान, करेंगे लंका दहन



रामलीला आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रामलीला में 15 अक्टूबर गुरूवार की रात लंका दहन प्रसंग की लीला का मंचन किया जाएगा। मंचन के दौरान यह दिखाया जाएगा कि माता सीता का पता लगाने के लिए हनुमान जी समुद्र को पार करके लंका में पहुंचेगे और लंकिनी का वध करके लंका में प्रवेश करते हुए माता सीता से मिलेगे और फिर अशोक वाटिका को उजाडते हुए लंका में आग लगाएंगे।

सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित



श्योपुर। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में बुधवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में समिति सदस्य नरेंद्र मीणा (अधिवक्ता) तथा अभिभावक प्रतिनिधि महेश बाथम,विद्यालय के प्राचार्य बालगिरी गोस्वामी मंचासीन रहे। इस गोष्ठी में कक्षा अरुण से कक्षा दसवीं तक के भैया-बहिनों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैठक में विद्यार्थियों के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम, शैक्षिक प्रगति एवं अध्ययन स्तर पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। अभिभावकों से उनके महत्वपूर्ण सुझाव भी आमंत्रित किए गए, ताकि उनके सुझावों के आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों को और बेहतर बनाया जा सके। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में अभिभावकों की सहभागिता और उनके सुझावों ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री के आश्वासन पर पटवारियों की हड़ताल स्थगित, काम पर लौटे

अशोकनगर। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद पटवारियों पर की गई समस्त कार्यवाहियां शून्य कर दी गई हैं। अशोकनगर में भी कलेक्टर द्वारा सभी कार्यवाही वापस ले ली गई हैं। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री संबंधी सर्कुलर में आवश्यक कानूनी संशोधन कर पटवारियों को उनकी मांग के अनुरूप सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके साथ ही 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के साथ पटवारी महापंचायत आयोजित होगी, जिसमें पटवारियों की अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु घोषणाओं का आश्वासन दिया गया है। इन सकारात्मक निर्णयों के बाद पटवारियों ने अपनी अनिश्चित कालीन हड़ताल स्थगित कर कार्य पर वापस लौट आए हैं।

अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत भगतसिंह मार्ग निवासी राजेश सिंघई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उसकी बाइक चोरी कर ले गए। बाइक का नंबर एमपी 67 एम 1391 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बाइक से नीचे गिरने से किशोर की मौत

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत इन्द्रा कॉलोनी शाढ़ौरा निवासी शिवा पुत्र गोपाल आदिवासी उम्र 17 साल की बाइक से नीचे गिरने से मौत हो गई। बताया गया है कि बाइक जब मयापुर और चिरोली के बीच से गुजर रही थी उसी दौरान शिवा आदिवासी बाइक से नीचे गिर गया। जिसके बाद उसे शाढौरा अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

श्री मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट के सतीश सिंह अध्यक्ष बने

अशोकनगर। श्री मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 के पास के



ट्रस्टी यूहोने सर्वसम्मति से राव सतीश सिंह रघुवंशी को अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें संचालक अशोक कोहली उपाध्यक्ष कविंद्र कुमार अगरिया एवं दीपांशु त्रिपाठी देवेंद्र गुर्जर सचिव प्रमोद गुप्ता कोषाध्यक्ष हरिओम गुप्ता सहायक सचिव देव कुमार दुबे ऑडिटर गोपाल अग्रवाल सदस्य मृदुल अरोड़ा मनीष अग्रवाल डॉ जगदीश शर्मा जगदीश राजपूत आदि को संचालक मंडल में सदस्य नियुक्त किया गया है। सभी के सहयोग से मनसा पूर्ण हनुमान के मंदिर का संचालन ट्रस्टीओ द्वारा किया जा रहा है।

बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री को लिखा पत्र

शाढ़ौरा। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश मध्य



क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखकर रबी सीजन में किसानों को पलावा हेतु 10 घंटे बिजली दिए जाने की मांग की है। रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर जिला कृषि प्रधान एवं कृषि पर आधारित है, जिसमें वर्तमान समय में रबी सीजन की तैयारी किसानों द्वारा की जा रही है। कम वर्षा के कारण किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराना आवश्यक है। क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस, फीडर सेपरेशन के माध्यम से गांवों में शत-प्रतिशत विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने एवं किसानों की समस्याओं पर समीक्षा करने की जरुरत है। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 घंटे विद्युत प्रदाय योजना के अनुसार किसानों को समय पर बिजली प्रदान कराने एवं दिन में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, इस हेतु उचित व्यवस्था करने आवश्यक निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए जाएं। जिससे किसानों की समस्या का समाधान समय पर हो सके।

कोर्ट के आदेश पर एसडीओपी करेंगे मामले की जांच

चंदेरी के पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर मारपीट व पैसे मांगने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के चंदेरी थाने में पदस्थ तीन पुलिसकर्मियों पर पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले में स्थित एक दिव्यांग युवक के घर में अवैध रूप से घुसकर मारपीट करने, परिजनों को धमकाने और 2 लाख रुपए मांगने के आरोप लगे हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ललितपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच चंदेरी एसडीओपी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेश शर्मा को सौंपी गई है।

बूढ़ी चंदेरी के बहुचर्चित टांग जुआ मामले की दबिश के दौरान सामने आया था पूरा विवाद



बूढ़ी चंदेरी में चले टांग जुआ से जुड़ा है पूरा घटनाक्रम

यह पूरा मामला तब सामने आया था जब कुछ दिन पहले चंदेरी क्षेत्र के बूढ़ी चंदेरी में बड़े स्तर पर टांग जुआ संचालित होने की खबरें सुर्खियों में आई थीं। उस दौरान पुलिस टांग जुआ चलाने वाले आरोपियों को पकड़ने और उनके घरों पर दबिश देने पहुंची हुई थी। इसी कार्रवाई और उठापटक के बीच यह मामला तूल पकड़ गया और पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से यह प्रकरण लगातार सुर्खियों में है। ललितपुर जिले के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जखौरा मुहल्ला टपरियन निवासी दिव्यांग यादवेंद्र 23 वर्ष ने ललितपुर न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार, 18 सितंबर 2026 की दोपहर को चंदेरी थाने में पदस्थ उप निरीक्षक एसआई कदम सिंह मीना, आरक्षक प्रदीप शर्मा, आरक्षक योगेंद्र रघुवंशी और दो अन्य लोग बिना किसी महिला पुलिस या स्थानीय जखौरा थाने को सूचना दिए उनके घर में जबरन घुस आए। पीड़ित का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके बड़े भाई सुंदर की तलाश के नाम पर घर की तलाशी ली और विरोध करने पर दिव्यांग यादवेंद्र तथा उनके वृद्ध माता-पिता के साथ अभद्रता व मारपीट की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने झूठे मुकदमे जुआ-सट्टा में फंसाकर 10-15 साल के लिए जेल में सड़वाने की धमकी दी और 2 लाख रुपए की अवैध मांग की। इसके बाद भी पुलिसकर्मी 19 और 21 सितंबर की रात को दोबारा पीड़ित के घर पहुंचे और धमकियां दीं।

न्याय के लिए कोर्ट की शरण में पहुंचा पीड़ित परिवार

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जखौरा थाना और पुलिस अधीक्षक ललितपुर को लिखित शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। ललितपुर सीजेएम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में एसपी कार्यालय द्वारा चंदेरी एसडीओपी महेश शर्मा को पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

इनका कहना है...

पुलिस से बचने के लिए इस तरह का परिवाद ललितपुर न्यायालय में लगाया गया है। पुलिस जुए के मामले में नहीं अपितु किसी अन्य मामले में आरोपी की तलाश करने गई थी। उक्त मामले की जांच चल रही है।

मुकेश शर्मा, एसडीओपी चंदेरी

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 150 आवेदकों की सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई में ग्राम रोररीचक्क निवासी दूजबाई आदिवासी द्वारा पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम करख्या निवासी कृष्णगोपाल द्वारा खसरा की प्रतिलिपि दिलाए जाने, ग्राम दमदमा निवासी जयवर्धन द्वारा चिकित्सा क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने, अशोकनगर निवासी रचना शर्मा द्वारा गैस कनेक्शन दिलाए जाने, ग्राम मोहरी राय निवासी मंगूलाल अहिरवार द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने, ग्राम राजपुर निवासी विजय कुमार द्वारा सीमांकन करा, जाने, ग्राम हिमजा निवासी राजकुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने, ग्राम सडूमरा निवासी गुड्डीबाई द्वारा भूमि से कब्जा हटवाये जाने, ग्राम नाओनी निवासी नत्थू रजक द्वारा फौती नामांतरण कराये जाने,चंदेरी निवासी लीलाबाई कुशवाह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम खिरिया महू निवसी गुड्डी बाई द्वारा पट्टा अमल कराये जाने, रातीखेड़ा निवासी कोमलबाई अहिरवार द्वारा मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

शाढ़ौरा-नईसराय मार्ग पर रेल फाटक 20 तक रात 10 से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



शाढ़ौरा से नईसराय मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक आगामी दिनों में रात्रि के समय बंद रहेगा। रेलवे द्वारा ट्रैक के अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्य के चलते 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक सड़क यातायात बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हालांकि दिन के समय मार्ग पर आवागमन पूर्ववत जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार, शाढ़ौरा गांव के अंतर्गत स्थित रेलवे समपार क्रमांक एलसी-48, जिसे नईसराय रेलवे फाटक के नाम से जाना जाता है, पर रेलवे द्वारा अनुरक्षण कार्य कराया जाना है। इस संबंध में रेलवे के सहायक मंडल अभियंता की ओर से शाढ़ौरा थाना पुलिस को सूचना दी गई है। कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे फाटक पर रात्रिकालीन सड़क यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनुरक्षण कार्य केवल रात के समय किया जाएगा, जिससे दिन में आवागमन करने वाले वाहन चालकों और नागरिकों को परेशानी नहीं होगी। वहीं रात्रि में इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। रेलवे प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों एवं वाहन चालकों से अनुरक्षण कार्य के दौरान सहयोग करने की अपील की है।

गुरुद्वारों की दानपेटियों से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 208550 की राशि बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुद्वारों की दानपेटियों से नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 2,08,550 की राशि बरामद की है जो दो गुरुद्वारों की दानपेटियों के ताले तोड़कर की थी। सुखमोहन सिंह सिख उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम खमतला राजतला थाना देहात जिला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम खमतला स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार थाना ईसागढ़ क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुर खिरिया स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी का ताला तोड़कर नकदी चोरी किए जाने की घटना पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 414/2026 धारा 305 (ए) 331 (4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में, थाना देहात एवं थाना ईसागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई। उक्त पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए 13 अगस्त को आरोपी गुरूदास सिंह पुत्र बूटा सिंह सिख उम्र 21 वर्ष निवासी उद्योगनगर लखीमपुर खीरी उत्तरप्रदेश को ईसागढ़ रोड से गिरफ्तार किया।



पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा दोनों गुरुद्वारों की दानपेटियों से नकदी चोरी करना स्वीकार किए जाने संबंधी जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। आरोपी गुरूदास सिंह के कब्जे से 2,08,550 की चोरी गई नकदी विधिवत बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में ग्राम खमतला स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी से 1,68,300 तथा ग्राम ध्यानपुर खिरिया स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी से 40,250 चोरी करना बताया। गिरफ्तार आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को राजपुर में जाम लगा दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर वाहन खड़े कर दिए। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों के बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सुबह करीब 9.30 बजे ग्रामीणों का यह धरना प्रदर्शन चालू हुआ जो लगातार तीन घंटे तक चलता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का कोई निश्चिति समय नहीं है कब बिजली आएगी, कब जाएगी, अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग को बिजली कटौती की पूर्व सूचना ग्रामीणों को दिया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण विरोध प्रदर्शन पर उतर आए और उन्होंने सड़क पर जाम लगा लिया। जैसे ही चक्का जाम की जानकारी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को मिली वैसे ही वह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना विरोध जारी रखा बाद में अधिकारियों की समझाइश पर ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन वापस ले लिया। इस दौरान ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि, बिजली आपूर्ति में जो भी समस्या आ रही है उसका निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से कहा गया है कि लाईनों को मेंटनेश किया जा रहा है जिसके कारण यह बाधा पैदा हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों को कहा गया कि वह बिना पूर्व सूचना के इस तरह का विरोध प्रदर्शन न करें अगर उन्हें विरोध प्रदर्शन करना है तो पहले उसकी अनुमति लें या फिर बिजली विभाग के कार्यालय के बाहर जाएं, आम नागरिकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए जिसके बाद ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया।

सांदीपनि विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



अशोकनगर। मंगलवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन महिदपुर के सांदीपनि विद्यालय में किया गया। जिसमें 380 किशोर किशोरियों का हीमोग्लोबिन व प्रजनन स्वस्थ संचारी असंचारी बीमारी ओर नशे के दूर उपयोग ओर करियर काउंसलिंग की गई। जिसमें मेडिकल ऑफिसर विशाल मकवाना आशु रघुवंशी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन रघुवंशी आजाद लोधी किरण बिजौले उमंग परामर्शदाता रामपाल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रशिक्षक आशीष रघुवंशी सुनैना उज्जैनी रोहित ओर स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

जिला न्यायालय में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अशोकनगर में मंगलवार को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी, डॉ. दीपक रघुवंशी के समन्वय से शिविर संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक रघुवंशी, डॉ. धर्मेंद्र सोनी, डॉ. अमृता वर्मा सहित अन्य चिकित्सकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी सेवाएँ प्रदान की गईं। आयुष शिविर में अधिवक्तागणों ने विशेष लाभ प्राप्त किया। साथ ही कर्मचारी गणों ने अपनी दैनिक जीवन को अच्छे रखने के साथ आयुर्वेदिक औषधियां से अपने स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त करने की आशा व्यक्त की उपस्थित सभी कर्मचारी एवं विद्वान अधिवक्तागणों ने आयुर्वेद को अपने जीवन में अपने का प्रण लिया, जिसमें उत्तम दिनचर्या साथ ही केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन लाइफ आदि से प्रेरणा लेते हुए स्वास्थ्य एवं उल्लासित रहने का प्रण लिया।

किसानों की समस्याएं सुनी, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

खाद वितरण केंद्र पर किसानों से मिले विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

खाद वितरण केंद्र पर पीने के लिए न पानी के इंतजाम हैं न धूप से बचने की सुविधा



डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर खाद के लिए परेशान हो रहे किसानों की समस्याओं की जानकारी मिलने पर अशोकनगर विधायक इंजी. हरिबाबू राय मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी परेशानियों को जाना। इस दौरान खाद वितरण केंद्र पर कई अव्यवस्थाएं सामने आईं, जिन्हें लेकर विधायक ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। किसानों ने विधायक को बताया कि जब केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों से विधायक की फोन पर बात कराने के लिए कहा, तो कर्मचारियों ने बात कराने से मना कर दिया। इस मामले की जानकारी लेने जब विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि वहां मौजूद एक व्यक्ति की ड्यूटी किसी सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए जाने की जानकारी स्पष्ट नहीं है। इस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों की जांच की जाए और यदि कोई व्यक्ति बिना अधिकृत जिम्मेदारी के वहां बैठकर किसानों के कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है, तो उसे हटाकर संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। किसी भी व्यक्ति को जनप्रतिनिधियों एवं किसानों से संवाद करने से रोकने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

एक तरफ खाद की किल्लत, दूसरी तरफ गर्मी से बचने और प्यास बुझाने की व्यवस्था भी नहीं थी। किसानों ने बताया कि खाद वितरण केंद्र पर गर्मी से बचने के लिए दो पंखे लगे हुए हैं, लेकिन दोनों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसके कारण घंटों तक लाइन में खड़े किसानों को गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि केंद्र पर पहले पीने के पानी की टंकी लगी हुई थी, लेकिन उसकी पाइप लाइन काट दिए जाने से पानी मिलना बंद हो गया है। अब किसानों को अपनी प्यास बुझाने के लिए बाहर से पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही है। इस स्थिति पर विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसानों के साथ ऐसी लापरवाही क्यों की जा रही है? क्या किसान इंसान नहीं हैं? क्या उन्हें गर्मी नहीं लगती और क्या उन्हें प्यास नहीं लगती? खाद लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े किसानों के लिए पंखे और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं बंद होना गंभीर लापरवाही का विषय है। इसकी जांच कर जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

टोकन की तारीख निकलने से किसान खाद के लिए परेशान

किसानों ने अपनी एक और समस्या बताते हुए कहा कि उन्हें खाद प्राप्त करने के लिए जो तारीख दी गई थी, वह निकल चुकी है। अब उन्हें दोबारा टोकन या तारीख लेने के लिए कहा जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि अधिकारियों द्वारा तारीखों में एक-एक दिन की देरी की जाती रही और उसके बाद भी खाद नहीं मिला, तो किसान समय पर अपनी फसल की बोवनी कैसे कर पाएंगे? विधायक ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर टीडीए अमित सिंह भदौरिया से चर्चा हुई है। वे अन्य संबंधित अधिकारियों से भी चर्चा कर खाद वितरण की व्यवस्था सहित सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग करेंगे।

सामाजिक संगठन बनाने का उद्देश्य सही होना चाहिएः निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि निरजंन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल सोशल क्लब और किटी पार्टी का एक चलन सामान्य सा हो गया है। परंतु इनके उद्देश्य वाक्य और इनकी कार्य प्रणाली के अंतर को देखते हैं तो बड़ा अंतर दिखता है। संगठन के नाम और काम दोनों ही विपरीत से ही प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के निर्माण का उद्देश्य एक पवित्र उद्देश्य होता है। क्योंकि मनुष्य सामाजिक प्राणी है और समाज हित को लेकर इसके द्वारा जो भी कार्य किये जाते हैं, वह कार्य वस्तुतः इसके ही आत्म हित में सहकारी बनते हैं। क्योंकि जो भलाई के कार्य करता है, उन कार्यों के माध्यम से वह अपनी ही भलाई का मार्ग प्रशस्त करता है। इन सामाजिक संगठनों का निर्माण मूलतः देव, शास्त्र और गुरुओं के अनुरूप जीवन को व्यवस्थित करना होता है। पर जब हम वस्तु स्थिति देखते हैं, तो ऐसे सामाजिक संगठन खाने-पीने और मौज-मस्ती तक ही सीमित दिखते हैं। आज कहाँ जाना है और वहाँ क्या खाना है, यह इन संस्थाओं की बैठक का मुख्य आधार रहता है। कहते भी हैं नो मीटिंग, विथ आउट इटिंग और इसके बाद नम्बर आता है सिटिंग का हमारी बैठक व्यवस्था किस प्रकार की रहेगी, मंच पर कौन-कौन बैठेगा आदि। यह सब देखकर आज की नवयुवक पीढ़ी इन चीजों पर हमसे भी प्रश्न पूछती है कि, महाराज, हमारे माता-पिता इस तरह की दिखावे की क्रियाओं को करते हैं।